हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 15 जून 2024

11 बोसवाल में युवाओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ



12 लू से थमा जनजीवन, मौसम में बदलाव की संभावना



## खबर संक्षेप

### गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब में लगा मेडिकल कैंप

**रतिया।** गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब में आषाढ़ की संक्रांत पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में कल्याण मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल की टीम ने सेवाएं दी। इस मौके डॉ. महेंद्रपाल के नेतृत्व में डॉ. रीचा नूनीवाल, डॉ. कृष्ण ने लोगों के जहां स्वास्थ्य की जांच की गई, वहीं बीपी, शुगर, एचबी सहित टैस्ट किए गए व उन्हें निःशुल्क दवाईयां भी दी गई।

### खेत में लगे सोलर ट्यूबवेल से मोटर चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव खजूरी जाटी में खेत में लगे सोलर ट्यूबवेल से मोटर चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव खजूरी जाटी निवासी सुनील कुमार ने कहा है कि उसने गांव के काजल रोड पर जमीन ठेके पर ले रखी है। उसने खेत में सोलर ट्यूबवेल लगवाया हुआ है। गत दिवस जब वह खेत में गया तो उसने देखा कि वहां लगे सोलर ट्यूबवेल की मोनोब्लॉक मोटर गायब थी।

### द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब में नर्सरी के लिए ट्रायल आज

**फतेहाबाद।** खेल विभाग हरियाणा सरकार द्वारा फतेहाबाद के एमएम कॉलेज स्थित द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब को लड़के व लड़कियों के लिए बॉक्सिंग खेल नर्सरी स्वीकृत की है। खेल नर्सरी संचालक एवं बॉक्सिंग कोच प्रदीप कुमार ने बताया कि इस नर्सरी का हिस्सा बनने के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जिसका ट्रायल 15 जून को सुबह 7 बजे द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब में आयोजित होगा।

### मकान से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने जाखल के गांव शक्करपुरा में एक ढाणी में घुसकर वहां से लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव शक्करपुरा निवासी हरमीत सिंह ने कहा है कि गत रात्रि वह अपने मकान का मेन गेट बंद करके परिवार के साथ घर के आंगन में सो गया था। सुबह करीब 3 बजे जब वह उठा तो उसने देखा कि उसके मकान के कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था और नगदी और गहने गायब मिले।

### पीपीपी से जुड़ी 34 समस्याओं का समाधान

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार ने आमजन की समस्याओं के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्या का समाधान किया जा रहा है। शुक्रवार को उपायुक्त राहुल नरवाल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 9 बजे से 11 बजे समाधान शिविर का आयोजन किया गया।


## दो पेज का सुसाइड नोट बरामद, युवती के परिजनों पर केस दर्ज

# युवक ने की लव मैरिज, पत्नी को छोड़ा सीकर, हो गई हत्या, परिजनों पर आरोप, युवक ने भी दी जान

### युवक ने पुलिस के कार्रवाई ना करने पर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ फतेहाबाद/भट्टूकलां

फतेहाबाद में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। युवक की जेब से परिजनों को 2 पेज का सुसाइड नोट मिला है। युवक ने इसमें लिखा कि उसने अप्रैल में युवती से प्रेम विवाह किया था। उसकी पत्नी को उसके मायका पक्ष के लोगों ने मार डाला है। फतेहाबाद पुलिस को इसकी शिकायत दी, लेकिन पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। परेशान होकर युवक ने अब आत्महत्या कर ली। उधर, युवक के भाई ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर युवती के मायका पक्ष पर उसके भाई को टॉर्चर करने के आरोप जड़े हैं। भाई ने डीएसपी रैंक के अधिकारी से मामले की जांच करवाने, पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी की मांग की है। उसने गांव भोड़ियाखेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि की मामले में हद से ज्यादा संलिप्तता के भी आरोप जड़े। इसके साथ मृतक युवक के सुसाइड नोट के अलावा उसके द्वारा 7 जून को फतेहाबाद पुलिस को दी गई शिकायत भी सामने आई है। पुलिस ने युवती के माता-पिता और भाई पर केस दर्ज कर लिया है। मिली



फतेहाबाद। युवक से बरामद सुसाइड नोट।

### युवती के परिजनों व सरपंच प्रतिनिधि पर केस दर्ज

इस बारे भट्टू थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने कहा कि मृतक युवक के भाई की शिकायत मिली है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। युवती के पिता सतपाल, मां शानो देवी, चाचा राजेंद्र, भाई सुनील व भोड़िया के सरपंच प्रतिनिधि अनिल के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार गांव ढिंगसरा निवासी 24 वर्षीय प्रवीण पंजाब के नाभा में पीवीसी वॉल पैनल कंपनी में काम करता था। वीरवार को दोपहर को वह लड़खड़ाते हुए घर पहुंचा और आंगन में गिर गया। बाद में उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि उसने कोई जहरीला पदार्थ खाया था। युवक के भाई पवन के अनुसार उसकी जेब से 2 पेज का सुसाइड नोट मिला है।

### सुसाइड नोट में प्रवीण ने लिखा

सुसाइड नोट में प्रवीण ने लिखा कि उसने भोड़िया खेड़ा की शाइना से 26 अप्रैल 2024 को हिसार में शादी कर ली थी। इसके बाद वह नीट की तैयारी के लिए उसे सीकर छोड़ आया और खुद अपनी नौकरी पर पंजाब लौट गया। उसकी गैरमौजूदगी में शाइना को उसका भाई सुनील, चाचा राजेंद्र अपने घर ले गए। कुछ दिनों बाद शाइना ने उसे फोन कर बताया कि उसके पापा, भाई, चाचा, मां जान से मारने की धमकी देते हैं व मारपीट करते हैं। उसकी मां ने भी उसको फोन करके बताया कि वे शाइना को सल्फास की गोली दे रहे हैं। इसके बाद उसे सोशल मीडिया से पता चला कि शाइना की मौत हो गई है। वह वापस गांव आया और उसने डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद उसे भट्टू थाना शिकायत देने को कहा गया। भट्टू थाना शिकायत दी तो उसे शहर थाना फतेहाबाद जाने को बोला गया। कई घंटों तक थाने में बैठाए रखा और सरपंच प्रतिनिधि को बुला लिया गया। बाद में वह घर आ गया तो युवती के पिता व सरपंच उसके घर आए। उन्होंने पहले गलती मानी और बाद में उसे धमकी देकर चले गए।

### बार-बार फैसला करने का दबाव बनाया, पुलिस ने नहीं दिया साथ

सुसाइड नोट में आगे युवक ने लिखा कि आरोपी बार-बार उसे फैसला करने के लिए बोलते रहे। उसके परिवार को खत्म करने की धमकी देकर उससे हस्ताक्षर करवा लिए। इसके बाद एसएचओ ने भी उसे कहा कि वह बच गया, नहीं तो उसके ऊपर दुष्कर्म का केस लगता। सुसाइड नोट सामने आने के बाद अब युवक के भाई पवन ने भट्टू पुलिस को लिखित शिकायत दी है। शिकायत में उसने बताया है कि उसके 24 वर्षीय भाई प्रवीण ने 7 जून को फतेहाबाद शहर थाना इंचार्ज को शिकायत दी थी। जिसके बाद उसके भाई पर राजीनामे का दबाव बनाया गया। इस घटना के बाद उसके भाई ने कुछ खाया पीया नहीं। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई करनी उचित नहीं समझी, बल्कि उसके भाई को घंटों बैठाए रखा। उसने पंचायत व पुलिस से संबंधित लोगों पर मिलीभगत के आरोप लगाते हुए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाने, वीडियोग्राफी करवाने और मामले में जांच डीएसपी स्तर के अधिकारी से करवाने की मांग उठाई है।

# रक्तदान से शरीर रहता स्वस्थः भादू

- युवाओं को रक्तदान करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सिरसा। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्थानीय नागरिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डा. एमके भादू ने किया। इसके साथ-साथ नागरिक अस्पताल डबवाली में भी रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया है। रक्तदान शिविरों में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर आमजन को रक्तदान से संबंधित जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई। सिविल सर्जन एमके भादू ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि शरीर स्वस्थ और निरोगी होता है। उन्होंने रक्तदाताओं का आह्वान किया कि वे रक्तदान शिविरों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करते हुए रक्तदान करते रहे और जरूरतमंदों को जीवनदान देते रहें। उन्होंने कहा कि रक्तदाताओं को स्वयं पर गर्व होना चाहिए कि उनका खून किसी व्यक्ति का जीवन बचाने में काम आ रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन में रक्तदान अवश्य करें। बहुत से ऐसे मरीज होते हैं, जिनको इलाज के लिए रक्त की जरूरत होती है। यदि मरीज को समय पर रक्त मिल जाए तो उनको सही ढंग से इलाज हो जाता है और उनका जीवन बच जाता है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. पवन कुमार व बीटीओ डा. समता ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए रक्तदान का महत्व विस्तार से बताया। किशोरावस्था परामर्शदाता कमल कक्कड़ ने मरीजों की काउन्सलिंग की और रक्तदान के फायदे के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।



सिरसा। विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित शिविर में रक्तदान करते लोग।

# खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

- 9 लाख 22 हजार 500 रुपए का नकद पुरस्कार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के खेल परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 9 लाख 22 हजार 500 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के कार्यालय के कमेटी रूम में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल सहित खेल परिषद् के पदाधिकारी एवं कोच भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय को अपने खिलाड़ियों पर नाज है। उन्होंने खिलाडियों को लक्ष्य निर्धारित करके जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मलिक ने कहा कि अनुशासन में रहकर जो खिलाडी निरंतर अभ्यास करता है, सफलता उसके कदम चुमती है। इस अवसर पर खेल परिषद् के अध्यक्ष प्रो. सुरेश गहलावत ने कुलपति को बताया कि इन खिलाडियों में वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 के विजेता शामिल है और इन खिलाडियों ने खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम के साथ-साथ वर्ल्ड चैंपियनशिप गेम्स में अपनी प्रतिभा का दबदबा दिखाते हुए विश्वविद्यालय का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।



सिरसा। सीडीएलयू के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए।

### उज्ज्वल भविष्य की कामना की

कार्यक्रम का संचालन खेल परिषद् के सचिव प्रो. अशोक मलिक द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इन खिलाड़ियों ने कबड्डी, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, वुशु, ऐथलेटिक्स, रोलर हॉकी, रेसलिंग और ग्रेपलिंग आदि में पदक जीते है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. अमित सांगवान, डॉ. बलदेव, डॉ. ओमदा, धर्मवीर सिंह, अशोक कुमार, कोच सविता ढांडा, कोच हंसराम, बॉक्सिंग कोच अनिल, रेसलिंग कोच अनिल, वुशु कोच अमरजीत, सतबीर सिंह, सुनील कुमार, जयपाल सिंह व लेखराम उपस्थित थे।

# अबूबशहर में विधवा से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

सदर डबवाली थाना पुलिस ने गांव अबूबशहर निवासी एक विधवा की शिकायत पर इसी गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कांता विधवा राजकुमार की ओर से दर्ज करवाई गई शिकायत में बताया कि उसके पति का लगभग तीन वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है। उसके दो बच्चे है। वह घरेलू काम करके अपना और अपने बच्चों का जीवनयापन कर रही है। उसने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ अपने घर पर सो रही थी कि मध्य रात्रि में कोई उसके घर की दीवार लांघ कर भीतर आ घुसा। उसने मुंह ढका हुआ था। उसके हाथ में चाकू था। अज्ञात व्यक्ति के घर में घुसने की आहट सुनकर वह जाग गई तो उसने शोर मचाया। जिस पर घर में घुसे व्यक्ति ने उसका मुंह दबा दिया। जब उसने कपड़ा खींचा तो आरोपी की पहचान अबूबशहर निवासी शेर सिंह पुत्र हंसराज के रूप में हुई। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि शेर सिंह ने उसे गंदी गालियां निकाली, उसके साथ मारपीट की। कहा कि वह कितने दिनों से उसके पीछे है, कब से संबंध बनाने के लिए कह रहा हूं। उसकी बात नहीं मानी तो अंजाम बुरा होगा। उसने जब शोर मचाया तो पड़ौसियों ने लाईट ऑन कर दी। जिस पर शेर सिंह जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

# नशा तस्करी में पिता-पुत्र व दामाद गिरफ्तार

- पुलिस ने तीनों को विभिन्न स्थानों से काबू कर करीब 55 लाख की 546 ग्राम हेरोइन की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीआईए सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर शहर में विभिन्न स्थानों से पिता-पुत्र तथा दामाद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 55 लाख रुपए की 546 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सुभाष पुत्र देवराज, शंटी पुत्र सुभाष व सुनील पुत्र प्रेम कुमार निवासी मकान नंबर 45 डीसी कॉलोनी सिरसा के रुप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीआईए सिरसा प्रभारी धर्मबीर सिंह पर आधारित पुलिस टीमों ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर उपरोक्त तीनों लोगों को शहर के विभिन्न स्थानों से काबू किया है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा की टीमों ने बाइक सवार शंटी पुत्र सुभाष निवासी डीसी कॉलोनी को 360 ग्राम हैरोइन मिनी बाईपास जेजे कॉलोनी क्षेत्र से, सुभाष पुत्र देवराज निवासी डीसी कॉलोनी को 115 ग्राम हैरोइन के साथ यूनिवर्सिटी मिनी बाईपास पर स्थित वाटर वर्कस के समीप से जबकि सुनील पुत्र प्रेम कुमार निवासी डीसी कॉलोनी को 71 ग्राम हैरोइन के साथ शहर के खैरपुर क्षेत्र से काबू किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पकड़े गए आरोपी सुभाष तथा शंटी पिता-पुत्र है, जबकि तीसरा आरोपी सुनील कुमार उनका दामाद बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि पकड़े गए आरोपियों ने पिछले एक महीने से डीसी कॉलोनी सिरसा में पंजाब के मुक्तसर क्षेत्र से आकर किराए पर रहना शुरु किया था।



सिरसा। हेरोइन के साथ पकड़े गए आरोपी सीआईए पुलिस की गिरफ्त में।

### युवक 35 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान थेहड़ मोहल्ला क्षेत्र से एक युवक को लाखों रुपए की 35 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी अजय कुमारने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान थेहड़ मोहल्ला से होते हुए पीर दरगाह की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से एक युवक आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक वापस मुड़कर मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को शक के आधार पर काबू कर जब नियमानुसार उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 35 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान रोशन पुत्र जमील मूला निवासी गांव देवदू जिला सोनीपत के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# जिला पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

- मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण के निर्देश पर जिला पुलिस ने शुक्रवार अलसुबह 5 बजे से 9 बजे तक नशा तस्करों व अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के घरों पर दबिश देकर विशेष सर्च अभियान चलाया। इस अभियान के तहत जिला पुलिस की करीब 27 टीमों ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों व गांवों में अनेक जगहों पर छापेमारी कर मादक पदार्थ व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के घरों पर दबिश देकर तलाशी ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वहीं नशा के सौदागरों को सरंक्षण देने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान का उद्देश्य विभिन्न प्रकार के नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाना है। नशा तस्करों व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया जा रहे सर्च अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि युवा नशे के दलदल में फंस कर अपराधिक गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे है, इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल गतिविधियों के माध्मय से उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा तस्करों की सूचना बेखौफ होकर एंटी ड्रग टोल फ्री नंबर 1800-120-2048 पर दें इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 88140-56100 व 88140-11620 पर एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्य से भी नशा बेचने वालों की सूचना दी जा सकती है।



सिरसा। नशा तस्करों के खिलाफ सर्च अभियान चलाते हुए जिला पुलिस।

## दो सगे भाइयों के घरों पर धावा बोला, मुंदलिय का मामला

# घर में सोता रहा परिवार, चोर ले गए लाखों के जेवरात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

जाखल थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। इससे खाकी पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे है। सवाल कई हैं, जिनके बीच हकीकत ये है कि पुलिस के उपेक्षापूर्ण रवैये से लोगों के खून-पसीने की कमाई चोरी हो रही है। पुलिस लगातार गश्ती का दावा कर रही है, जबकि इसी बीच चोर अपने मंसूबों में सफल हो रहे हैं। ताजा मामला बीती रात्रि थाना क्षेत्र के गांव मुंदलिया से सामने आया है, जहां पर अज्ञात चोरों ने दो सगे भाइयों के घरों पर धावा बोलते हुए लाखों रुपए के कीमती सोने, चांदी के जेवर और अन्य कपड़े आदि चुरा कर फुर्र हो गए है। सुबह चोरी की घटना का का पता चलने पर पीड़ित गांव मुंदलिया निवासी गुरजीत सिंह ने मामले की शिकायत जाखल थाना पुलिस को देकर अज्ञात चोरों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पीड़ित गुरजीत सिंह के मुताबिक रोजाना की तरह गुरुवार रात को उसके सभी पारिवारिक सदस्य घर के आंगन में सोए हुए थे। शातिर अपराधियों ने घर के कमरे के रास्ते प्रांगण में घुसकर घटना को अंजाम दिया हैं। बताया कि अपराधियों ने कूलर वाली खिड़की तोड़कर कमरे में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित गुरजीत सिंह ने बताया कि चोरों ने कमरे में पड़ी अलमारी का लॉक तोड़कर उसमे से एक सोने हार, दो सोने की चैन, दो जोड़ी टॉप्स, 6 सोने की अंगूठी, एक लड़ी लोकेट, 4 सोने के कोके, एक चांदी का कड़ा, 3 जोड़ी झांझर, 2 चांदी के कंगन और कमरे में रखा एक देसी घी का टीन चुराकर ले गए है। यहीं नहीं, पीड़ित गुरजीत सिंह ने बताया कि चोरों ने उसके घर के साथ लगते उसके भाई के घर को भी निशाना बनाया हैं। उसके भाई के घर से भी चोर 2 अंगूठी, 3 सैट झूमर कांटे और कीमती कपड़े चुरा कर ले गए हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।



जाखल। चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान।

### बीस दिनों में चोरी की तीसरी बड़ी वारदात

बीते करीब बीस दिनों में अपराधियों ने दो दुकानों और बीती रात्रि घरों में हाथ साफ किया है। इसमें अभी तक एक भी मामले का पटाक्षेप नहीं हुआ हैं। खास बात ये है कि बीते दिनों में दो दुकानों से हुई लाखों की चोरी दिनदहाड़े हुई है। करीब 3 सप्ताह पहले अज्ञात चोर थाना क्षेत्र के गांव म्योंद में एक मनी ट्रांसफर का कार्य करते दुकानदार की दुकान से दिनदहाड़े 1 लाख 20 हजार रुपए चोरी कर फरार हो गए थे। इसके अलावा तीन दिन पहले शहर में एक सीमेंट स्टोर पर सीमेंट खरीदने के बहाने दुकान में आए अपराधियों ने दुकानदार को बातों में उलझाकर दुकान से गल्ले से 50 हजार रुपए से ज्यादा की नकदी चुरा कर फुर्र हो गए थे। चोरी की यह घटनाएं पुलिस के लिए फिलहाल एक पहेली बनी हुई है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि उन्हें बीती रात्रि दो सगे भाइयों के घर से चोरी होने की शिकायत मिली है। इस पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। रही बीती बीते दिन जाखल में सीमेंट स्टोर अथवा म्योंद कलां गांव से मनी ट्रांसफर की दुकान से चोरी की घटनाओं में पुलिस गहनता से जांच तफ्तीश कर रही है। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें काबू कर लिया जाएगा।


घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।


मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर कीइन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

## वित्त और ऋण संबंधी मामलों को संभालना इसका काम

# हर कंपनी को चाहिए फाइनेंस मैनेजर, आप भी यह कोर्स कर बना सकते हैं अपना करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आज के समय में हम अपने आसपास जितने भी बड़ी-बड़ी कंपनियां देख रहे हैं। उनमें फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कई कर्मचारी कार्यरत होते हैं। फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हर डिपार्टमेंट और हर कंपनी के लिए होती है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी को फाइनेंस के तौर पर मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी कंपनी में एक फाइनेंस मैनेजर होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। कंपनी का सारा लेखा-जोखा फाइनेंस मैनेजर ही संभालता है। फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में कई लोगों के मन में सवाल पैदा होते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको फाइनेंस मैनेजर कैसे बने इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का पूरा प्रयास करेंगे।



### क्या होता है फाइनेंस मैनेजर

किसी भी कंपनी के अंदर पैसों की लेनदेन और ट्रांजेक्शन की निगरानी के लिए काम करने वाला व्यक्ति फाइनेंस मैनेजर कहलाता है। फाइनेंस मैनेजर कंपनी में रहते हुए कंपनी को अधिक से अधिक मुनाफा कैसे हो इसके बारे में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है साथ ही साथ कंपनी के खर्चो और कंपनी की जिम्मेदारियों को भी महत्व पूर्ण तरीके से निभाता है।

### कर्ज से बाहर निकालने में मदद करता

*फाइनेंस मैनेजर कंपनी के लिए इसलिए अनिवार्य माना जाता है क्योंकि फाइनेंस मैनेजर जो कंपनी से ज्यादा कर्ज में डूबने पर उसे बाहर निकालने में मदद करता है या फिर कंपनी को अधिक मुनाफा कमाने में भी अपनी मदद करता है। जिस प्रकार से बीबीए डिग्री करने के पश्चात विद्यार्थी बिजनेस आइडिया दान करके कंपनी को बिजनेस में सफल बनाते हैं। उसी प्रकार से फाइनेंस मैनेजर फाइनेंसियल मैनेजमेंट करने से संबंधित संपूर्ण जानकारी कंपनी के मालिक को देते हैं और जिस से कंपनी का फाइनेंशियल मैनेजमेंट नियत रहता है।*

### महत्वपूर्ण और जिम्मेदारी पूर्ण जॉब



### फाइनेंस मैनेजर बनने के तरीके

*फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए किसी भी एक तरीके में बंद कर पढ़ाई करना या आगे बढ़ना कोई जरूरी नहीं है। फाइनेंस मैनेजर बनने के कुल 3 तरीके के बारे में नीचे जानकारी दे रहे हैं। आप अपनी इच्छा अनुसार किसी भी एक तरीके का चयन करते हुए फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं जो कुछ इस प्रकार से हैं।*

***पहला तरीका :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा पास करने के बाद ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है और उसके पश्चात मास्टर ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी है। ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन डिग्री के लिए होने वाले एग्जाम में भी आवेदन कर सकते हैं। इन एंट्रेंस एग्जाम के जरिए आपको भारत के टॉप फाइनेंस मैनेजर बनने के कॉलेज में दाखिला मिल जाएगा।*

***दूसरा तरीका :*** *बारहवीं कक्षा पास करने के बाद बी. कॉम की डिग्री लेकर बैचलर इन फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एनालिसिस की डिग्री ले सकते हैं, या फिर सीए फाउंडेशन बी- ईकॉन की डिग्री लेकर मास्टर इन फाइनेंस कंट्रोल की डिग्री प्राप्त करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर की पोस्ट हासिल कर सकते हैं।*

***तीसरा तरीका :*** *विज्ञान वर्ग से 12वीं कक्षा पास करने वाले विद्यार्थी बीए इन इकोनामिक या बिजनेस इकोनॉमिक्स की डिग्री लेते हुए या फिर बीएससी मैथमेटिक्स से ग्रेजुएशन पूरी करने के बाद फाइनेंस मैनेजमेंट के तहत मास्टर फाइनेंस कंट्रोल का कोर्स कर सकते हैं और इसके जरिए फाइनेंस मैनेजर पद तक पहुंच सकते हैं।*

### कितनी मिलती सैलरी

*हर उम्मीदवार के दिमाग में हमेशा आपसे एक ही बात चलती है, कि इस पद पर कार्यरत रहते हुए मुझे कितनी सैलरी मिल सकती है। उसी प्रकार के फाइनेंस मैनेजर का कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के मन में भी यही सवाल पैदा होते रहते हैं। कि आखिरी पड़ाव पर फाइनेंस मैनेजर बनने के बाद हमें कितनी सैलरी मिल जाएगी। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें, तो फाइनेंस मैनेजर की सैलरी उसके ऑर्गेनाइजेशन पर पूरी तरह से निर्भर करती है। क्योंकि फाइनेंस मैनेजर के लिए सरकारी पद ना के बराबर होते हैं। फाइनेंस मैनेजर अपनी स्कील और एक्सपीरियंस के साथ-साथ ऑर्गनाइजेशन के आधार पर अच्छा पैसा कमा सकता है। फाइनेंस मैनेजर की सैलरी के बारे में बात करें तो यहां 400000 से लेकर 1800000 तक की सैलरी प्रति वर्ष आराम से कमा सकते हैं। इससे ज्यादा भी आपको कमाने का मौका मिल सकता है।*



### कैसे बने फाइनेंस मैनेजर

*आज के समय में फाइनेंस मैनेजर बनने और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर अपनी भूमिका निभाने वाले उम्मीदवारों की डिमांड बाजार में बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन हर कंपनी के लिए फाइनेंस मैनेजर का होना अनिवार्य माना जा रहा है। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करना होगा। इन चरणों को फॉलो करते हुए आप फाइनेंस मैनेजर बनने तक का सफर पूरा कर सकते हैं।*

***12वीं कक्षा उत्तीर्ण करें :*** *फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए आपको सर्वप्रथम 12वीं कक्षा पास करनी है। जो विद्यार्थी सेकेंडरी स्कूल पूरी करने के बाद 12वीं कक्षा में एडमिशन ले रहा है। उन विद्यार्थियों को वाणिज्य वर्ग के साथ मारी कक्षा उत्तीर्ण करनी है।*

***बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अब विद्यार्थियों को आगे ग्रेजुएशन की डिग्री के लिए बैचलर बिजनेस ऑफ एडमिनिस्टर की डिग्री में अपना आवेदन करना होगा। बैचलर ऑफ बिजनस एडमिनिस्टर की डिग्री लेने के लिए आपको कॉलेज लेवल पर होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में भाग लेना होगा या फिर आप अपने बारहवीं कक्षा के अंक के आधार पर भी डायरेक्ट बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री में आवेदन ले सकते हैं।*

***मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्टर की पढ़ाई करें :*** *अंडर ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी होने के पश्चात आपको अगले चरण के तौर पर मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डिग्री लेनी होगी। इसके अलावा अन्य डिप्लोमा व डिग्री के माध्यम से भी फाइनेंस मैनेजर बन सकते हैं। फाइनेंस मैनेजर बनने के लिए बीबीए और एमबीए करने की बजाय आप फाइनेंसियल कंट्रोल पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा ले सकते हैं। जो 2 साल का होता है। इस डिप्लोमा को लेने के बाद इंटरव्यू के आधार पर आपको फाइनेंस मैनेजर बनने का मौका मिल जाता है।*

### कोर्स करवाने वाले टॉप कॉलेज

भारत में आबादी के आधार पर बहुत सारे कॉलेज अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा के लिए मौजूद है। लेकिन जब फाइनेंस मैनेजर कोर्स कराने वाले टॉप कॉलेज का नाम आता है। तो कुछ कॉलेज के नाम हमारे सामने आते हैं। जिसकी जानकारी हम नीचे आपको प्रदान करवा रहे हैं।

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अलीगढ़,
- एआईएमए (सेंटर फोर मैनेजमेंट एजुकेशन),
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च (आईबीएमआर आईपीएस)
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,
- एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट बेंगलुरु,
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड फाइनेंसियल एनालिस्ट ऑफ़ इंडिया,
- इंदिरा गांधी नेशनल ओप्रण यूनिवर्सिटी
- सिम्बायोसिस इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिज़नेस मैनेजमेंट पुने
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लखनऊ
- आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी
- डिपार्टमेंट ऑफ़ बैंक मैनेजमेंट अलगप्पा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट तमिलनाडु, आदि।

### फाइनेंस मैनेजर के लिए नौकरियां

- मैनेजर इन डायरेक्ट
- डायरेक्ट टैक्सेशन
- बिज़नेस मैनेजर
- कमर्शियल मैनेजर
- मैनेजर इंचार्ज कास्टिंग
- टेजेरी मैनेजर नेशनल एंड इंटरनेशनल बैंक्स
- कॉर्पोरेट और फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन्स
- मैनेजर ट्रेस्यूरर
- कंट्रोलर्स
- ट्रेस्युरी मैनेजर्स
- मर्चेंट बैंकर्स, क्रेडिट मैनेजर्स
- कैश मैनेजर्स

# युवा पीढ़ी एआई के माध्यम से नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज की युवा पीढ़ी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के माध्यम से एक नए भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वे एआई का उपयोग स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, और स्मार्ट शहरों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और सुधार के लिए कर रहे हैं। युवा उद्यमी व शोधकर्ता एआई आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं जो कृषि में उत्पादन बढ़ाने, चिकित्सा निदान को सरल बनाने में सहायक हैं। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग कर वे सटीक मौसम पूर्वानुमान और स्मार्ट खेती तकनीकों को लागू कर रहे हैं, जिससे किसानों की आय बढ़ रही है। इसके अलावा, स्मार्ट शहर परियोजनाओं में एआई-आधारित ट्रैफिक प्रबंधन और ऊर्जा बचत उपायों से शहरी जीवन को अधिक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा रहा है।

### देश की समृद्धि और प्रगति में बड़ी भूमिका

इस तरह, युवा भारत को डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र बनाने के लिए एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को अपने नवाचारों का केंद्र बना रहे हैं, जो देश की समृद्धि और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई आज के समय में एक शक्तिशाली उपकरण बनकर उभरी है, जिसका सही और संतुलित उपयोग हमारे जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। एआई की मदद से शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार संभव हैं। शिक्षा में, एआई द्वारा संचालित व्यक्तिगत शिक्षण ऐप्स छात्रों को उनकी आवश्यकताओं और सीखने की गति के अनुसार अनुकूलित सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे उनकी सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, एआई-आधारित फिटनेस ट्रैकर्स और मानसिक स्वास्थ्य ऐप्स व्यक्तिगत स्वास्थ्य निगरानी और त्वरित थैरेपी सहायता प्रदान करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवनशैली में सुधार होता है। एआई के उपयोग से डेटा विश्लेषण और प्रोग्रामिंग जैसे व्यावसायिक कौशलों को विकसित करने के अवसर मिलते हैं, जो युवाओं को भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प प्रदान कर सकते हैं। एआई चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट कार्यों को स्वचालित और सरल बनाते हैं, जिससे समय और ऊर्जा की बचत होती है। इसके अलावा, एआई का उपयोग समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान, जैसे कि जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य देखभाल में सुधार, के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हम एआई का उपयोग नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ करें, इसके खतरों और सीमाओं को समझते हुए सकारात्मक उपयोग को प्राथमिकता दें। एआईकी क्षमता को अच्छे कार्यों में लगाकर हम व्यक्तिगत और सामूहिक उन्नति की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकते हैं। एआई ने आधुनिक समाज में क्रांति ला दी है, जिसमें शिक्षा, मनोरंजन, और संचार से लेकर व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन के कई पहलू शामिल हैं। हालांकि, इसका गहरा असर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर भी पड़ रहा है। एआई की बढ़ती उपस्थिति ने युवाओं को नई चुनौतियों और अवसरों से सामना करवाया है। यह निबंध एआई के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर प्रभावों को समझाने और उनसे निपटने के उपायों पर केंद्रित है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

एआई द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम और टिक टॉक उपयोगकर्ताओं को उनकी रुचियों के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत और सामाजिक तुलना की संस्कृति को बढ़ावा देता है, जिससे युवाओं में ईर्ष्या, आत्म-सम्मान की कमी, और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लगातार दूसरों की "संपूर्ण" छवि और उपलब्धियों को देखते हुए, युवा अपनी वास्तविकता से असंतुष्ट हो जाते हैं।

एआई तकनीक के उपयोग से युवाओं में डिजिटल थकान बढ़ रही है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक निर्भरता मानसिक थकान, ध्यान की कमी, और नींद की समस्याओं का कारण बनती है। एआई आधारित नोटिफिकेशन और अलर्ट लगातार ध्यान भंग करते हैं, जिससे मानसिक शांति और फोकस की कमी होती है।

एआई द्वारा संचालित डेटा संग्रह और विश्लेषण से युवाओं में गोपनीयता की चिंता बढ़ गई है। उनकी ऑनलाइन गतिविधियों का पता लगने और निजी जानकारी के संभावित दुरुपयोग की आशंका मानसिक तनाव और असुरक्षा की भावना को जन्म देती है। एआई चैटबॉट्स और आभासी सहायक जैसे कि सिरी, अलेक्सा, और गूगल असिस्टेंट ने संवाद के तरीके को बदल दिया है। यद्यपि ये उपकरण उपयोगी हो सकते हैं, परन्तु वास्तविक मानवीय बातचीत की जगह इन्हें प्राथमिकता देने से सामाजिक अलगाव और व्यवहारिक असामान्यताएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई द्वारा संचालित सेवाओं ने तुरंत संतोष की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। जैसे कि एआई आधारित शॉपिंग सिफारिशें, फूड डिलीवरी, और मनोरंजन विकल्प, युवा जल्दी और आसानी से संतुष्टि पाने की आदत में पड़ सकते हैं। इससे धैर्य की कमी और इच्छाओं को त्वरित रूप से पूरा करने की प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। एआई संचालित मनोरंजन और सोशल मीडिया के अल्गोरिदम युवाओं को स्क्रीन पर अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित करते हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी

(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है

(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी

(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -

(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है

(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी

(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है

(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -

(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?

(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप




सिरसा। योग जागरण यात्रा निकालकर योग का संदेश देते हुए।

### योग जागरण यात्रा का आयोजन

**सिरसा।** 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार के आदेश अनुसार सिरसा जिला के सभी योग व्यायामशालाओं और व्यायामशाला के नजदीकी 5-5 गांवों में 14 जून से 18 जून तक योग जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

### युवकों ने ई-रिक्शा चालक की जमकर धुनाई की

**फतेहाबाद।** गांव भोड़ियाखेड़ा जा रहे ई-रिक्शा चालक को हॉर्न बजाना काफी महंगा पड़ गया। ई-रिक्शा के आगे जा रहे पांच युवकों ने तैश में आकर चालक को बाहर खींच लिया और उसकी जमकर धुनाई की। घायल चालक को उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### चोरों ने नकदी व आभूषण किए साफ

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने वार्ड नंबर-17 हनुमानगढ़ रोड निवासी हीरालाल पुत्र प्रेम सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में हीरालाल ने बताया कि 9 जून को दोपहर एक बजे वह परिवार के साथ चर्च में सत्संग सुनने गया था। सायं 4 बजे उसके पड़ोसी ने घर पर चोरी होने की सूचना दी। जब वह घर लौटा तो सामान बिखरा हुआ पाया। घर से एक ट्रंक गायब मिला, जिसमें 95 हजार रुपये की नगदी, चार चांदी के कड़े व कपडे. थे। उन्होंने अपने स्तर पर चोरी का पता लगाने की कोशिश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। ऐलनाबाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भादंसं की धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया था।

### घर ढहाने के आरोप में दो दर्जन पर मामले दर्ज

**डबवाली।** क्षेत्र के गांव रामपुरा बिश्नोई में बेसहारा गौवंश के साथ गलत काम करने के आरोपी का घर ढहाए जाने के मामले में पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामपुरा बिश्नोई निवासी जगसीर सिंह पुत्र गुरबख्श सिंह की ओर से पुलिस में दी गई शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसके बेटे ने गांव में बेसहारा गौवंश के साथ गलत काम किया, जिस पर उसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्जकर उसे गिरफ्तार कर रखा है।जगसीर सिंह ने बताया कि वह मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था। पीछे से गांव के ही 20-30 लोगों ने उसके घर में घुसकर घर तोड़ डाला। उसके रिश्तेदार के घर की दीवार भी ढहा दी। डबवाली सदर पुलिस ने शिकायत के आधार पर दीपू मेघवाल, कुलदीप सरपंच, देसराज सहित 20-30 अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया

# राज्यपाल ने एमएम कॉलेज फतेहाबाद को किया सम्मानित



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास को सम्मानित करते राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रक्तदान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर शहर के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान मनोहर मैमोरियल पीजी कॉलेज को हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा शुक्रवार को विश्व रक्तदाता दिवस पर भारतीय रेडक्रॉस समिति द्वारा अम्बाला कैंट में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। एमएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास को यह सम्मान दिया गया। कॉलेज को मिले इस सम्मान से कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल, जिला रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर, एमएम कॉलेज एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा, चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, उपप्रधान अशोक तनेजा, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा व समस्त सदस्यों ने इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य व विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक कायार्ें में बढ़चढ़ कर भागीदारी की बात कही।

सम्मान हासिल करने के बाद अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि एमएम कॉलेज को रेडक्रॉस की बेहतरीन सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि एमएम कॉलेज पिछले 54 सालों से क्षेत्रवासियों की सेवा कर रहा है। एमएम कॉलेज में रेडक्रॉस कोर्डिनेटर प्रो. मीनाक्षी कोहली के नेतृत्व में समय-समय पर विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए जागरूक करने के साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाते रहे हैं। पिछले वर्ष जनवरी माह में सीडीएलयू वाइस वांसलर द्वारा भी कॉलेज को विशेष तौर सम्मानित किया था। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा भी समय-सामय पर कॉलेज को उसके सामाजिक कायार्ें के लिए सम्मानित किया जाता रहा है। प्राचार्य ने बताया कि इस समय एमएम कॉलेज में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है और दाखिले को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। इस बार कॉलेज में बीबीए में दाखिले हो रहे हैं।

### रक्तदाता दिवस पर भट्टूकलां में लगाया गया रक्तदान शिविर

**भट्टूकलां।** विश्व स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से भट्टूकलां में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उप सिविल सर्जन डॉ. शरद तुली बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया तथा रक्तदाताओं से अपील की कि युवा ऐसे ही रक्तदान करते रहे और जरूरतमंदों की जान बचाते रहे। इस रक्तदान शिविर में 34 रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक तौर पर रक्तदान किया। उप सिविल सर्जन डॉ. शरद तुली ने कहा कि रक्त देने से शरीर के ऊपर कोई विपरित असर नहीं होता बल्कि उसके स्वास्थ्य और सही रहता हैं। एक रक्तदाता तीन जिंदगियों की जान बचाता है। इसलिए समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। इस अवसर पर रक्तकोष इंचार्ज डॉ. रसीद, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उप अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार व सुनील कुमार तथा खुशी नई उम्मीद से नवीन आदि उपस्थित रहे।



भट्टूकलां। रक्तदान करने वाले युवाओं का हौंसला बढ़ाते उप सिविल सर्जन डॉ. शरद तुली।

# सरकार की वादाखिलाफी को लेकर रोडवेज कर्मी करेंगे आंदोलन

- फतेहाबाद बस स्टैंड कार्यालय में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ डिपो कमेटी की मीटिंग फतेहाबाद बस स्टैंड कार्यालय में डिपो प्रधान शिवकुमार श्योराण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन डिपो सचिव सुबेसिंह धनाना ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती के लिए 28-29 जून को रोहतक कर्मचारी भवन में लगने वाले दो दिवसीय शिक्षा शिविर में फतेहाबाद डिपो कमेटी के बढ़चढ कर भाग लेने का निर्णय लिया गया।

यूनियन के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान शिवकुमार श्योराण, उपप्रधान जयकुंवार दहिया एवं राज्य सचिव सुबेसिंह धनाना ने बताया कि हरियाणा रोडवेज के कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले लंबे समय से आंदोलन पर हैं, सरकार के साथ कई दौर की बातचीत के बाद कुछ मांगों पर सहमति भी बनी परंतु सरकार ने उन मांगों को अभी तक लागू नहीं किया। उसके विपरीत कर्मचारियों का टीए एवं ओवर टाइम और अर्जित अवकाश कम कर दिए गए। नेताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बसों की नाइटें बंद कर दी गई, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। आज की बैठक में मांग की गई कि यूनियन के सुझाव के अनुसार सभी रूटों का सर्वे रोडवेज की बस द्वारा समय सीमा निर्धारित स्पीड के अनुसार दोबारा किया जाए। सभी बस स्टाप के अनुसार प्रत्येक स्टाप पर 2 मिनट, टोल पलाजा पर 5 मिनट, टिकट बॉक्स बनवाने व गाड़ी चेकिंग करवाने की 35 मिनट, काउंटर टाइम 15 मिनट और शहरों के अंदर के जाने की स्पीड 25 किलोमीटर प्रति घंटा के हिसाब से स्पीड तय की जाए वही रास्ते में आने वाले बड़े बस स्टैंड के बूथ टाइम को जोड़कर ओवर टाइम पॉलिसी बनाई जाएं। कर्मचारी नेताओं ने बताया सरकार की वादाखिलाफी को लेकर आंदोलन की शुरुआत करते हुए सभी डिपुओं में प्रदर्शन करते हुए यूनियन द्वारा नया मांग पत्र महाप्रबंधकों के माध्यम से सरकार और विभाग के महानिदेशक को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में डिपो के उपप्रधान राजकुमार बिघड़, वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप मलिक, सह सचिव विरेंद्र कुलेरी, कैशियर जोगिंदर रेडू, ऑडिटर सतवीर सिंह, कार्यलय सचिव इंद्रपाल सहारण , मुख्य सलाहकार तेलूराम, कमेटी के सदस्य रवि कुमार, धर्मवीर नुनिया, राकेश सुथार, देवेंद्र कुमार आदि ने भाग लिया।

### परिवहन विभाग में रखे जाएंगे 44 अप्रेंटिस, मांगे ऑनलाइन आवेदन

**फतेहाबाद।** परिवहन विभाग फतेहाबाद में कुल 44 अप्रैंटिस रखे जाएंगे। इसके लिए योग्य अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। महाप्रबंधक अजय दलाल ने बताया कि कर्मशाला, फतेहाबाद व टोहाना में 22 मैकेनिक डीजल, 10 विद्युतकार, 4 वैल्डर, 3 पेंटर, एक कारपेंटर, 4 कोपा (हिंदी) ट्रैड पर आईटीआई पास छात्रों के लिए अप्रैंटिस के रूप में एक वर्ष की समयावधि के लिए भरे जाने हैं। इसके लिए संबंधित उम्मीदवार डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अप्रैंटिसशिपइंडिया डॉट जीओवी डॉट आईएन पर 15 से 18 जून की दोपहर बाद 2 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सभी मूलदस्तावेजों और उनकी स्वयं सत्यापित कापी व एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उम्मीदवार को 20 जून को नये बस स्टैंड, फतेहाबाद में सुबह 10 बजे स्वयं उपस्थित होकर दस्ती जमा करवानी होगी।



फतेहाबाद। फतेहाबाद का नया बस अड्डा। फाइल फोटो

### पैमाइश शिविर 23 जून को

**फतेहाबाद।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राहुल नरवाल ने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भारतीय कृत्रिम अंग निमार्ण निगम चनालोन, मोहाली (पंजाब) के सहयोग से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने से पूर्व पैमाइश शिविर 23 जून को सुबह 9 बजे स्थानीय पटवार भवन में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के दिव्यांगजन निर्धारित दस्तावेजों को साथ लाकर अपना नाम पंजीकरण करवा सकते हैं।



फतेहाबाद। कुमारी सैलजा से मुलाकात कर कांग्रेस में शामिल होते अनिल ज्याणी। फोटो: हरिभूमि

## कांग्रेस में शामिल हुए अनिल ज्याणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

युवा बिश्नोई नेता एवं स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष अनिल ज्याणी आज कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। सिरसा लोकसभा से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा से मिलकर अनिल ज्याणी ने कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की। कुमारी सैलजा ने पार्टी में अनिल ज्याणी का स्वागत करते हुए उन्हें पूरा मान-सम्मान देने की बात कही। अनिल ज्याणी को पार्टी ज्वाइन करवाते हुए कुमारी सैलजा ने उन्हें पार्टी के साथ मिलकर काम करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। बैठक में कुमारी सैलजा और अनिल ज्याणी के बीच हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। बता दें कि अनिल ज्याणी पहले ही फतेहाबाद विधानसभा से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं।सांसद कुमारी सैलजा से मुलाकात के बाद अनिल ज्याणी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और कुमारी सैलजा को मिले भारी जनसमर्थन से प्रभावित होकर उन्होंने कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक में आने का उनका एकमात्र लक्ष्य जनता की सेवा करना है लेकिन भाजपा सरकार जनसेवा के अपने लक्ष्य से भटककर आम आदमी को महंगाई की चक्की में पिसने का काम कर रही है। इस सरकार से किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, व्यापारी, दुकानदार हर वर्ग के लोग परेशान हैं। भाजपा से परेशान देश व प्रदेश की जनता ने इस बार के लोकसभा चुनावों में उसे खुड्डे लाइन लगाने का काम किया है।

आज भले ही भाजपा बैसाखियों के सहारे सरकार बनाने में कामयाब रही हो लेकिन वह जनता का विश्वास खो चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदें अब कांग्रेस के साथ है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश की जनता हाफ हो चुकी भाजपा को साफ करने का काम करेगी।

### राज्यपाल ने किया खुशी नई उम्मीद संस्था को किया सम्मानित

**भट्टूकलां।** सामाजिक संस्था खुशी नई उम्मीद वेलफेयर सोसायटी को शुक्रवार को विश्व रक्तदान दिवस पर अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा दिया गया। संस्था की ओर से चेयरमैन गोपाल बंसल, फतेहबाद प्रभारी सुशील मताना, ब्लड कैंप प्रभारी सत्यप्रकाश व प्रचारक नरेंद्र लूणा ने यह सम्मान प्राप्त किया। पूर्व मंत्री अनिल विज, डॉ. सुषमा गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, जिला उपायुक्त मौके पर मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के खेल परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को 9 लाख 22 हजार 500 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक के कार्यालय के कमेटी रूम में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल सहित खेल परिषद् के पदाधिकारी एवं कोच भी उपस्थित थे। कुलपति प्रो. अजमेर सिंह मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय को अपने खिलाड़ियों पर नाज है। उन्होंने खिलाडियों को लक्ष्य निर्धारित करके जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मलिक ने कहा कि वर्तमान युग में खिलाड़ियों को जोर अजमाइश के साथ-साथ तकनीक पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन में रहकर जो खिलाडी निरंतर अभ्यास करता है, सफलता उसके कदम चुमती है। इस अवसर पर खेल परिषद् के अध्यक्ष प्रो. सुरेश गहलावत ने कुलपति को बताया कि इन खिलाडियों में वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 के विजेता शामिल है और इन खिलाडियों ने खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी गेम के साथ-साथ वर्ल्ड चैंपियनशिप गेम्स में अपनी प्रतिभा का दबदबा दिखाते हुए विश्वविद्यालय का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। कार्यक्रम का संचालन खेल परिषद् के सचिव प्रो. अशोक मलिक द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इन खिलाड़ियों ने कबड्डी, बॉक्सिंग, तीरंदाजी, वुशु, ऐथलेटिक्स, रोलर हॉकी, रेसलिंग और ग्रेपलिंग आदि में पदक जीते है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सिरसा। सीडीएलयू के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए।

### कार्यकारी अभियंता के खिलाफ जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारियों ने की जमकर नारेबाजी

**फतेहाबाद।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता के रवैये से खफा कर्मचारियों ने शुक्रवार को ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय के बाहर रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने करीब एक घंटे तक अधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध गेट मीटिंग की अध्यक्षता शाखा प्रधान सुभाष गुज्जर ने की जबकि संचालन शाखा सचिव महिपाल रावत ने किया। इस अवसर पर मुख्य तौर पर हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान फकीर चंद सैनी, शमशेर सिंह कुण्डू राज्य सचिव व रामकरण प्रजापति जिला सचिव ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शाखा प्रधान सुभाष गुज्जर ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद के कार्यकारी अभियंता को बार-बार आग्रह करने के बावजूद वे कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। अधिकारी के पास संगठन से मिलने तक का समय नहीं है। ऐसे में अधिकारी के रवैये से कर्मचारियों में काफी गुस्सा है।



फतेहाबाद। जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### शिरोमणि भगत धन्ना के गांव धुआं कलां जाएगा जत्था

**सिरसा।** शिरोमणि भगत धन्ना जागृति मंच के बैनर तले शनिवार को एक जत्था धार्मिक यात्रा के लिए रवाना होगा। मंच के संरक्षक महेंद्र घणघस ने बताया कि यह जत्था भगत धन्ना के गांव धुआं कलां (राजस्थान) जाएगा।

भगत धन्ना के गांव की मिट्टी को नमन करने के अलावा उनके गांव में भगत धन्ना के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की जाएगी। इस धार्मिक यात्रा को जननायक चौ. देवीलाल विद्यापीठ के महानिदेशक प्रो. कुलदीप सिंह ढिंडसा झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

इस धार्मिक भ्रमण के बाद सोमवार को जत्था सिरसा लौटेगा।

### सीएम फ्लाइंग की टीम ने जाखल में नवनिर्मित गलियों के लिए सैंपल

**जाखल।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने शुक्रवार को जाखल में दबिश देकर यहां मास्टर कॉलोनी में कुछ समय पहले नई बनकर तैयार हुई गलियों की सामग्री के सैंपल लिए हैं। सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस हाउस कारपोरेशन विभाग के एसडीओ राजेश कुमार, एएसआई अनिल कुमार, एएसआई सुरेन्द्र कुमार, जयवीर मौजूद रहे। दरअसल, सीएम फ्लाइंग की टीम को यहां पर गलियों के निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री इस्तेमाल करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इस पर शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग की टीम ने स्थानीय नगर पालिका टीम व संबंधित कार्य के ठेकेदार को साथ में लेकर सैंपल सील बंद किए गए हैं। बता दें कि मास्टर कॉलोनी में गलियों का निर्माण कार्य संपन्न हुए तो लगभग 6 माह बीत गए हैं। प्रशासन द्वारा गलियां निर्माण कर लोगों को समर्पित कर दी गई है, लेकिन कालोनी के लोग गालियों के निर्माण कायार्ें से संतुष्ट नहीं है। लोगों का आरोप है कि गलियां निर्माण में घटिया सामग्री प्रयुक्त की गई है। ऐसे में घटिया निर्माण सामग्री की शिकायत मिलने पर अब सीएम फ्लाइंग ने गली निर्माण में इस्तेमाल सामग्री के सैंपल लिए गए हैं।



जाखल। जांच करते अधिकारी व मौके पर मौजूद हुए लोग।

## 'ड्रग फ्री इंडिया केम्पैन' के तहत बोसवाल में कार्यक्रम

# युवाओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

- आमजन को शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने के प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा चलाये जा रहे 'ड्रग फ्री इंडिया केम्पैन' के तहत गांव बोसवाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बता कर सैंकड़ों गांववासियों को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर रणजीत सिंह, प्रबन्धक अफसर थाना शहर फतेहाबाद, गुरुनानक पुरा चौकी इंचार्ज राधेश्याम व गांव के सरपंच प्रतिनिधि रणवीर सिंह के साथ सैंकड़ों ग्रामीण मझैजूद रहे। शहर थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने ने आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए बताया कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए खेलों की ओर बढ़ना चाहिए। स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें। नशा ही घर के नाश का कारण बनता है। गुरुनानक पुलिस चौकी इंचार्ज राधेश्याम ने बताया कि हमारे युवा नशे की लत के ज्यादा शिकार हैं। चूंकि युवावस्था में कैरियर को लेकर एक किस्म का दबाव और तनाव रहता है। ऐसे में युवा इन समस्याओं से निपटने के लिए नशीली दवाओं का सहारा लेता है। युवा पीढ़ी को इससे बचाना हमारा कर्तव्य है। पुलिस द्वारा गांव के मौजूद आमजन को शपथ दिलाकर नशे से दूर रहने के प्रेरित किया।



फतेहाबाद। गांव बोसवाल में ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते पुलिस अधिकारी।

### भूमिगत पाइपलाइन उखाड़ने के आरोप में केस दर्ज

**सिरसा।** सिंचाई के लिए भूमिगत पाइप लाइन को जबरन उखाड़ने के आरोप में रानियां थाना पुलिस ने पिता-पुत्र सहित 3-4 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव बाहिया निवासी मदनलाल ने बताया कि उसने सिंचाई के लिए करीब 20 एकड़ में भूमिगत पाइप लाइन बिछाई हुई है। उसने बताया कि कृपाल सिंह पुत्र नर सिंह, रिंपल सिंह पुत्र कृपाल सिंह व 3-4 अन्य व्यक्तियों ने 10 जून की रात को खेतों में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली लेकर आए। जब उसने रात को आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि अपने खेतों से मिट्टी उठानी है। उसने बताया कि आरोपियों ने साजिश के तहत उसके खेत में सिंचाई हेतु बिछाई हुई भूमिगत प्लास्टिक पाइप लाइन को जेसीबी व ट्रैक्टर के माध्यम से गैर कानूनी रूप से व उसकी बिना सहमति से उखाड़ दिया। सुबह उसे घटना का पता चला, लेकिन तब तक आरोपियों ने आधी पाइप लाइन को खोद डाला।

# 'योग स्वयं व समाज के लिए' होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहीद भगत स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय योगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहीद भगत सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय योगा कार्यक्त्रम आयोजित किया जाएगा। अबकी बार योग दिवस का थीम 'योग स्वयं व समाज के लिए' होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को वीसी के माध्यम से उच्च अधिकारियों द्वारा योग दिवस कार्यकम की समीक्षा बैठक उपरांत संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि योग दिवस कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन को लेकर अधिकारी अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी योगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण जरूर लें ताकि योग दिवस पर एकरूपता के साथ योगा कार्यक्त्रम आयोजित हो। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि इस बार योग दिवस का थीम 'योग स्वयं व समाज के लिए' होगा।

### डेरा बाबा भूमणशाह में मनाया जाएगा योग दिवस

**सिरसा।** बाबा भूमणशाह चैरिटेबल ट्रस्ट एवं श्री राघव दिव्य योग अनुसंधान संस्थान संत आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हजारों योग साधकों के बीच बड़े हषार्ेल्लास से मनाया जाएगा। डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज के पावन सान्निध्य में डेरे से जुड़े देश-प्रदेश से सभी अनुयायी योग करने के लिए यहां पहुंचेंगे। विश्व योग दिवस पर प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सभी सूक्ष्म अ यास, क्रियाएं, आसन, प्राणायाम, ध्यान व शांति पाठ से समापन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 11 दिवसीय योग शिविर आरंभ

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति रानियां एवं भारत विकास परिषद शाखा रानियां द्वारा शुक्रवार सुबह से 11 दिवसीय योग शिविर शहीद उधम सिंह पार्क में आरंभ किया गया। योग शिविर में पहले दिन चंद्रपाल योगी प्रांतीय प्रभारी स्वाभिमान ट्रस्ट हरियाणा व वरिष्ठ योग शिक्षिका रजनी बाला द्वारा योग करवाया गया और विभिन्न बीमारियों के संदर्भ में जानकारी दी गई।

### श्री बांके बिहारी महिला मंडल ने लगाई छबील

**रतिया।** महादेव अमरनाथ सेवा समिति महिला मंडल रतिया व शिवदल लंगर कमेटी रतिया द्वारा बाबा नामदेव धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा में प्रवचन करते हुए कथावाचक पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि इंसान को हमेशा सत्य की राह पर चलते रहना चाहिए और जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए।

### मातूराम कालोनी से नाबालिग युवती लापता

**फतेहाबाद।** मातूराम कालोनी से एक नाबालिग युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में मातूराम कालोनी फतेहाबद निवासी एक महिला ने कहा है कि उसकी 17 साल की लड़की गत दिवस बिना बताए घर से चली गई है और वापस नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

### फतेहाबाद व टोहाना से दो बाइक चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस फतेहाबाद व टोहाना से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पंजाब के सरदूलगढ़ के गांव खैराखुर्द निवासी मांगेराम ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने बहनोई सम्पत सिंह के निवासी अग्रवाल कालोनी फतेहाबाद में आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा कर दिया वापस लौटा तो मोटरसाइकिल गायब मिली।

### लाखों के गहने व नकदी चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने टोहाना में ढाणी गिलांवाली में एक मकान में घुसकर वहां से लाखों के गहने व नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते शहर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। टोहाना पुलिस को दी शिकायत में ढाणी गिलांवाली, भूना रोड टोहाना निवासी सोनू ने कहा है कि गत दिवस रात को वह अपने परिवार के साथ घर पर सोया हुआ था। सुबह जब उसकी नींद खुली तो गहने व नगदी गायब मिली।

### खेलों के प्रति रुचि रखती नशे से दूर : डीएसपी

**रतिया।** युवाओं में खेल भावना जागृत कर रोल मॉडल तैयार करने के विशेष अभियान के तहत गांव अहरवां में खेल ग्राउंड में युवा खिलाड़ियों जागरूक किया गया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डीएसपी रतिया संजय कुमार ने कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें।

### दिनेश बने डेरा सच्चा सौदा 85 मैम्बर कमेटी के सदस्य

**भूना।** एमएसजी डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र अमरपुर धाम मोहम्मदपुर रोही में शुक्रवार को नाम चर्चा एवं ब्लॉक के सेवादारों का पुनर्गठन किया गया। सिरसा से 85 मेंबर कांता और नीलम फतेहाबाद ने सत्संग के बाद साध-संगत के बीच में से भूना के दिनेश गर्ग को 85 मेंबर व सज्जन गर्ग को 15 मेंबर के लिए सेवादारों के नाम का प्रस्ताव रखा, जिस पर साध-संगत ने अपने-अपने दोनों हाथ उठाकर अनुमोदन किया।

### आज से 19 जून के बीच धूलभरी आंधी व बूंदाबांदी की संभावना

# लू से थमा जनजीवन, आज से मौसम में बदलाव की संभावना

**दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री व रात का तापमान 31 डिग्री रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश में भीषण लू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा। लू के थपेड़ों के चलते लोगों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। पिछले एक महीने से तापमाप 43 डिग्री से नीचे नहीं आया। इन दिनों भी दिन का अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री चल रहा है वहीं रात का तापमान सारे रिकार्ड तोड़कर 31 डिग्री तक पहुंच गया है। देर रात तक गर्म हवाएं चलने से लोगों की नींद भी मुहाल हो गई है। उधर, मौसम विभाग ने आज से एक बार फिर मौसम के बदलाव की संभावना जताई है। 15 से 19 जून के बीच धूलभरी आंधी व बूंदाबांदी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने से मौसम गर्म बना रहेगा। 20 जून से फिर बदलाव संभावित है। मौसम विभाग ने सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी आदि जिलों में हीटवेव का यैलो जारी किया है।


फतेहाबाद। भीषण गर्मी के चलते सुनसान पड़ा नेशनल हाइवे।

#### 20 से प्री-मानसून आने के आसार

हिसार कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि हरियाणा से मानसून अभी दूर है। हालांकि, इस बार उसकी स्पीड काफी अच्छी है। प्रदेश में मानसून 28 जून से जुलाई के पहले सप्ताह में कभी भी दस्तक दे सकता है। उससे पहले प्री-मानसून की बारिश होगी। उन्होंने संभावना जताई कि 20 जून के करीब मौसम में जबरदस्त बदलाव देखने को मिल सकता है। प्री मानसून की बरसात से लोगों को कुछ राहत मिलेगी।

#### आज से शुरू हो रही धान की रोपाई

प्रदेश में हर वर्ष 15 जून से धान की रोपाई शुरू होती है। उससे पूर्व किसान धान की पौध लगाते हैं। उसके लिए भी काफी पानी की आवश्यकता होती है। धान की सीधी बिजाई डीएसआर भी इस बार नहीं हो रही। वजह है कि सीधी बिजाई में पानी की आवश्यकता होती है जबकि इन दिनों पानी की काफी किल्लत होती है। इसलिए इस बार सरकार ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना लागू ही नहीं की। 15 जून से प्रदेश में धान रोपाई शुरू होगी, इससे करीब डेढ़ करोड़ यूनिट बिजली की और खपत बढ़ जाएगी। अबकी बार 12 लाख हेक्टेयर में धान रोपाई का लक्ष्य है। किसान मोटे धान की रोपाई जून में ही करते हैं। किसानों को फिलहाल 2 ग्रुपों में बिजली दिए जाने की योजना है।

#### सिरसा सबसे गर्म जिला

प्रदेश में शुक्रवार को सिरसा का पारा 46.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा हिसार 45.6, जींद 46.2, फतेहाबाद 44 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में दिन के तापमान में औसतन 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह सामान्य से 5.0 डिग्री तक ज्यादा हो गया है।

## किसानों का संघर्ष लाया रंग शेरा फ्लडी नहर की खुदाई शुरू


सिरसा। शेरा फलडी नहर की खुदाई करती जेसीबी मशीन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ऐलनाबाद

खंड के राजस्थान की सीमा सटे गांव कर्मशाना, मिठनपुरा, किशनपुरा व ढाणी शेरा फ्लडी नहर की टेल पर लगते हैं जिस कारण यहां के किसानों को हर हर समय पेयजल पानी के साथ-साथ सिचाई पानी के लिए भी नहीं मिल पाता है। कर्मशाना गांव के जल घर में बीती 6 सितंबर 2023 से मई तक 8 महीने लगातार ढाणी शैरा फ्लडी नहर की खुदाई करके इसमें पानी की क्षमता बढ़ाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना चला था। लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लागू होने के कारण सिंचाई विभाग के एसडीओ लखविंदर सिंह ने किसानों के धरने पर पहुंचकर किसानों को आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही नहर में खुदाई के लिए मशीन लगा दी जाएगी जिस पर किसानों ने धरने को स्थगित कर दिया और आचार संहिता हटते ही किसान फिर 10 जून 2024 को नहरी विभाग के एसी आत्माराम भांभू व एक्सईएन मनदीप सिहाग घग्गर व अजीत हुड्डा के बीच आधे घंटे तक वार्तालाप चली। अधीक्षक अभियंता आत्माराम भांभू ने 11 जून को नहर की खुदाई के लिए हरियाणा सरकार की पॉकलेम सरकारी मशीन लगाने का आश्वासन दिया जिस पर ग्रामीण मान गए। ग्रामीण कुलदीप मुदलिया मिठनपुरा,चैतराम झौरड, भीकमचंद सैनी, गौरीशंकर कस्वा, राजेन्द्र मुंदलिया, जयपाल राजपुत, भीम राजपूत, हनुमान झोरड़ आदि ने नहर की खुदाई करने पर सिंचाई विभाग के अधिकारियों का आभार जताया है। किसानों ने कहा कि उनकी एक कमेटी हर रोज इस मशीन के साथ नहर पर रहती है ताकि नहर की खुदाई अच्छी तरीके से हो सके। किसानों ने कहा कि जिस प्रकार नहर की खुदाई बड़ी मशीन से करवाई जा रही है निश्चित ही उन्हें भरोसा है कि अबकी बार टेल तक पानी पहुंच जाएगा।

## लाखों उपभोक्ताओं ने सोने के एक्सचेंज के लिए तनिष्क को चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




मई 2024 सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। उपभोक्ता अपने पुराने सोने का अधिकतम मूल्य पाने के तरीके लगातार खोज रहे हैं। भारत के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का सदस्य, तनिष्क सिरसा ने सोने की बढ़ती कीमतों को मद्देनजर रखते हुए और अपने उपभोक्ताओं की बढ़ती, बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए 'गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी' प्रस्तुत की है। इसके तहत शून्य कटौती के जरिए उपभोक्ताओं को सोने का सर्वोत्तम मूल्य दिलाने के लिए इस एक्सचेंज पॉलिसी में सोने को तनिष्क के सबसे नए डिजाइंस के साथ अपग्रेड करने का सुनहरा अवसर दिया गया है। ग्राहक-केंद्रित ब्रांड होने के नाते, तनिष्क सिरसा ने हमेशा से ही अपने उपभोक्ताओं को अपने सभी कामों में सबसे ज्यादा अहमियत दी है। सिरसा स्टोर मैनेजर निले शर्मा ने बताया कि तनिष्क की गोल्ड एक्सचेंज पॉलिसी एक ऐसी पहल है जिसमें उपभोक्ताओं का विश्वास और उनके साथ जुड़ाव को मजबूत करने के लिए सर्वोत्तम मूल्य, अतुलनीय कारीगरी और पारदर्शी एक्सचेंज प्रक्रिया उपलब्ध कराने के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को दर्शाया जा रहा है। मैनेजर शर्मा ने बताया कि किसी भी ज्वेलर से खरीदे हुए पुराने सोने को एक्सचेंज करके सोने का सर्वोत्तम मूल्य पाने में तनिष्क सिरसा ने अपने उपभोक्ताओं को सक्षम बनाया है। तनिष्क सिरसा ने अपने उपभोक्ताओं को जिन्होंने भारत में किसी भी ज्वेलर से खरीदे हुए 22 और उससे ज्यादा कैरेट के पुराने सोने पर 100 फीसद मूल्य पाने का अवसर प्रदान किया है।

## भाजपा के छलावे में नहीं आएगी जनता : सैलजा

- कुमारी सैलजा ने धन्यवादी दौरे में कालांवाली व डबवाली हलके में पहुंच कर जताया मतदाताओं का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। धन्यवादी दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं का आभार जताती कुमारी सैलजा।

सिरसा की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा में हुई हार के बाद राज्य सरकार बैकपुट पर है। अब अपने दस साल के पापों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। जनता भाजपा सरकार के छलावे में नहीं आएगी और होने वाले विधानसभा में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। कुमारी सैलाज शुक्रवार को कालांवाली व डबवाली हलके अपने धन्यवादी दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। कुमारी सैलजा ने कहा कि 2014 में प्रदेश की सत्ता में आसीन होते ही भाजपा ने जनविरोधी फैसले लेने का रिकॉर्ड कायम कर दिया। प्रदेश के लोग सरकार के फैसलों के खिलाफ आवाज उठाते तो पुलिसिया लट्ठ का प्रयोग कर उनकी आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास किया गया। कभी कर्मचारियों को जेलों में डाला गया तो कभी सरपंचों को लहूलुहान कर दिया। कभी किसानों को गिरफ्तार कर लिया तो कभी कमेरे, अनुसूचित, पिछड़ों के हकों पर डाला डालने का प्रयास किया गया। नव निर्वाचित लोकसभा सांसद ने कहा कि प्रदेश के बहादुर लोग एक के बाद बाद इनके जुल्म सहते रहे और इन्हें सत्ता से चलता करने के लिए उपयुक्त समय का इंतजार करते रहे। अब जब इनके पाप का घड़ा भर चुका है तो लोकसभा में भाजपा से ज्यादा कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर अपने इरादे जाहिर कर दिए। लोगों को अगले चार महीने इसी तरह से संगठित रहते हुए अपनी ताकत को बढ़ाना है, ताकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत के साथ प्रदेश की सत्ता में ला सकें। सैलजा ने कहा कि इसी भाजपा सरकार ने प्रदेश में रजिस्ट्री बंद की। कृषि योग्य जमीन की खरीद-फरोख्त आम आदमी न कर सके, इसलिए भारी भरकम नियमों की शर्त लगा दी। अपनी मेहनत की कमाई से शहरों में घर बनाने का सपना पूरा करने वालों के अरमान एक ही झटके में बुल्डोजर चलाकर धाराशाही कर दिए। उनकी जीवन भर की कमाई से बने घर को अवैध घोषित कर दिया जाता। नए सेक्टर न काटे जाने से कॉलोनियां बसी, लेकिन नियमित नहीं करने की सौगंध प्रदेश सरकार ने खा ली। नव निर्वाचित सांसद ने कहा कि 10 साल में जो भी तुगलकी फरमान भाजपा ने प्रदेश के लोगों पर थोपे, अब उन्हें वापस लेने की होड़ मची है। किसी दिन कॉलोनियों को नियमित करने के बयान दे रहे हैं, किसी दिन रजिस्ट्री खोल रहे हैं। किसी दिन नए अस्पताल बनाने का ऐलान कर रहे हैं, किसी दिन पीपीपी व प्रॉपर्टी आईडी दुरुस्त करने को शिविर लगाने का ऐलान कर रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता 10 साल तक लगातार दिए दुखों को अब भूलने वाली नहीं है।

### एनसीबी ने नशे के खिलाफ किया जागरूक

**सिरसा।** हरियाणा रा'य नारकोटिक्स कंट्रोल यूनिट सिरसा द्वारा जिला सिरसा में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत चौधरी देवीलाल पार्क में जाकर आमजन को एवं भगत सिंह स्टेडियम में जाकर खिलाड़ियों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया गया। ब्यूरो के जागरुकता कार्यक्रम में कृष्ण लाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी चाहते हैं कि हमारे बच्चे नशे से दूर रहे। कुछ व्यक्ति जो स्वयं नशा करते हैं वे भी नहीं चाहते कि उनके बच्चे नशा करें लेकिन नशा परोसने वाले व्यक्ति यह कदापि नहीं सोचते कि दूसरे के बच्चे भी हमारे बच्चों जैसे हैं। प्रत्येक माता पिता का कर्तव्य बनता है कि वे अपने बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करें क्योंकि कई बार बच्चों को समय न देने के कारण वे कुसंग में पड़ जाते हैं। माता पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों के शयनकक्ष का समय समय पर निरीक्षण करते रहे ताकि बच्चों के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु मिलने पर उसे प्यार से समझाया जा सके।

## सीडीएलयू की बैठक में 90 एजेंडे पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


सिरसा। सीडीएलयू की शैक्षणिक परिषद की बैठक में भाग लेते कुलपति व अन्य।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की 39वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक विद्यार्थी हित से जुड़े 90 से अधिक एजेंडों को पारित किया गया। विश्वविद्यालय के सीवी रमन भवन के सेमीनार हॉल में आयोजित इस बैठक में 38वीं शैक्षणिक परिषद की बैठक के मिनट्स को भी पारित किया गया। इस बैठक में विभिन्न विभागों के पाठ्यक्रमों को पारित करने के साथ-साथ अनेक विभागों के पीएचडी स्कॉलर्स के रिसर्च टॉपिक्स को भी पास किया गया। इसके अतिरिक्त पीएचडी मूल्यांकन के संशोधित परफोर्मा को भी पारित किया गया। इस संशोधित परफोर्मा के अनुसार थीसिस एग्जामिनर को पीएचडी थीसिस के स्ट्रेंथ तथा वीकनेस को भी बताना होगा। पीएचडी स्कॉलर्स को एक्सटेंशन भी इस बैठक में प्रदान की गई। बैठक में अंडर ग्रेजुएट लेवल पर विद्यार्थियों के लिए यूजीसी गाइडलाइंस के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करने का फैसला भी लिया गया। विश्वविद्यालय में बेहतर शोध कार्य को प्रमोट करने के उद्देश्य से रिसर्च प्रमोशन पॉलिसी को भी इस बैठक में अनुमोदित किया गया। इस पॉलिसी के तहत प्रत्येक वर्ष सीडीएलयू बेस्ट रिसर्चर अवार्ड अपने प्राध्यापकों को प्रदान करेगी। यह अवार्ड विज्ञान, कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, एजुकेशन, लॉ, सोशल साइंसेज तथा ह्यूमैनिटी संकाय के प्राध्यापकों को प्रदान किये जाएंगे। संकाय के आधार पर बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड के लिए तीन श्रेणियां अलग-अलग बनाई गई हैं। इसके अतिरिक्त पब्लिकेशन प्रमोशन इंसेंटिव्स की भी व्यवस्था की गई है। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के दाखिलों से संबंधित यूजी तथा पीजी पाठ्यक्रमों के प्रोस्पेक्टस को भी पारित किया गया। इसके अतिरिक्त इस बैठक में विश्वविद्यालय की द्वितीय दीक्षांत समारोह के ड्रेस कोड को भी फाइनलाइज किया गया। बैठक में परीक्षा मूल्यांकन केंद्र को लेकर सीडीएलयू तथा चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी के मध्य हुए सांझा करार पत्र को भी पास किया गया।

## आमजन की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त


सिरसा। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते डीसी आरके सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

उपायुक्त आर.के. सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, इसलिए अधिकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करके उन्हें संतुष्ट करने का प्रयास करें। यह निर्देश उपायुक्त ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों संबोधित करते हुए दिए। समाधान शिविर में 103 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, इनमें से 19 समस्याएं परिवार पहचान पत्र, 24 समस्याएं पेंशन, 12 समस्याएं पुलिस विभाग, 12 समस्याएं डीएमसी कार्यालय, 7 समस्याएं जनस्वास्थ्य विभाग व 6 समस्याएं डीडीपीओ कार्यालय से संबंधित थी। समाधान शिविर में सुबह 9:00 बजे से ही फरियादी पहुंचने शुरू हो गए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उनको एक समस्या के लिए अधिकारियों के पास बार-बार न आना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर गंभीरता के साथ जनता की समस्याओं को सुनें व उनका हर संभव समाधान करें। इस अवसर पर एडीसी डा. विवेक भारती, एसडीएम राजेंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### नगर पालिका कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन, डीएमसी को सौंपा ज्ञापन

## सरकार की वायदा खिलाफी के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी।

नगर पालिका कर्मचारी संघ ईकाई फतेहाबाद के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को नगर परिषद कार्यालय में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान नरेश राणा ने की और संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़ ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जनविरोधी नीतियों को लागू कर रही है। डोर टू डोर ठेका बंद करके सभी कर्मचारियों को पालिका रोल पर लेने, निजीकरण पर रोक लगाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, वेतन विसंतियां दूर करने, बिना किसी शर्त एक्सग्रेसिया पॉलिसी लागू करने व हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करके खाली पदों पर स्थाई भर्ती करने आदि कर्मचारियों की मुख्य मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। यदि फिर भी अतिशीघ्र इन सभी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले समय में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इकाई प्रधान नरेश राणा और सचिव ओम प्रकाश लोट ने कहा कि आज प्रदर्शन करके निकाय मंत्री के नाम जिला नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया और फिर 20 जून जिला फतेहबाद की पांचों कमेटी फतेहबाद, रतिया, भुना, टोहाना और जाखल के सभी कर्मचारी लघु सचिवालय में एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री ने नाम ज्ञापन देंगे। अगर फिर भी सरकार हमारी मानी गई मांगों का समाधान नहीं करती तो 23 जून को शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री सुभाष सुधा को राज्य स्तरीय मास डेपुटेशन मिलकर समझौते मे मानी गई मांगों को लागू करने गुरुग्राम नगर निगम से हटाए गए 1386 कर्मचारियों की नौकरी बहाली की मांग करेगा। इस अवसर पर पवन दरोगा, जगदीश दरोगा और हीरालाल कार्यवाहक दरोगा, वीरू रत्ती, संजू रत्ती, राजाराम चौहान, सतपाल परिहार, गुरदयाल भट्टी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530209, 9315429403, 9253681005